खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, लैब जांच के बाद होगी कार्रवाई

खास बातें

- सांची रोड स्थित सागर गैरे पर खाद्य पदार्थ में मिली थीं इल्लियां
- शिकायत के बाद खाद्य विभाग ने की कार्रवाई
- 14 दिन में आएगी जांच रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

विदिशा 27 जुलाई, शहर के सांची रोड स्थित एक प्रसिद्ध छोले-कुलचे प्रतिष्ठान पर खाद्य पदार्थ में इल्लियां मिलने की शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को जांच कार्रवाई की. विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए और उन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिया. अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को विभाग को खाद्य पदार्थ में इल्लियां मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी. शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम संबंधित प्रतिष्ठान पर पहुंची और जांच की कार्रवाई की. टीम ने मौके से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें विधिवत सीलबंद कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा.

लाइसेंस और दस्तावेजों की भी हुई जांच

जांच के दौरान विभाग ने प्रतिष्ठान संचालक से खाद्य सुरक्षा लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत करने को कहा. अधिकारियों ने प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, स्वच्छता व्यवस्था और खाद्य सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया. विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य कारोबारियों के लिए निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट लगभग 14 दिनों में प्राप्त होने की संभावना है. रिपोर्ट में यदि खाद्य पदार्थ गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं या किसी प्रकार की मिलावट अथवा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व पाए जाते हैं, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

शिकायतों पर रहेगी लगातार नजर

खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. विभाग जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करता रहेगा और शिकायत मिलने पर तत्काल जांच की जाएगी. अधिकारियों ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता या स्वच्छता को लेकर संदेह हो तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि समय पर कार्रवाई कर लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

दर्दनाक सड़क हादसा, युवक ऋषि आचार्य की मौत

- होटल अपेक्षा के पास देर रात हुआ हादसा, कई घायल
- दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सांची 27 जुलाई, सांची-विदिशा हाईवे पर होटल अपेक्षा के समीप रविवार देर रात लगभग 11 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सांची निवासी ऋषि आचार्य (24 वर्ष), पिता नरेश आचार्य, की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में बंसी अहिरवार सहित अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका भोपाल के हमीदिया अस्पताल में उपचार जारी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषि आचार्य अपने मित्र बंसी अहिरवार के साथ एक्टिवा से विदिशा से सांची लौट रहे थे. इसी दौरान होटल अपेक्षा के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ, जबकि पुलिस का कहना है कि यह दो मोटरसाइकिलों की टक्कर भी हो सकती है. फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं.

बताया जा रहा है कि हादसे में दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोग घायल हुए, जिनमें ऋषि आचार्य ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. गंभीर रूप से घायल बंसी अहिरवार सहित अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है.

सांची थाना पुलिस के अनुसार अभी तक इस संबंध में औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है. पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है. रिपोर्ट दर्ज होने और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ या दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण. पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी.

मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. कार्यक्रम का संचालन वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया.इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया. एक विख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों को प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम को आज भी जनता के राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाता है.

गौ-संरक्षण की मांग को लेकर संत-महंत और गौसेवकों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

विदिशा. गो-संरक्षण और गौवंश के संवर्धन की मांग को लेकर सोमवार को संत-महंत, आचार्य, पुजारी एवं गोसेवक बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे. यहां उन्होंने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर गौ माता को %राष्ट्रमाता% का दर्जा देने, देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गो-संरक्षण के लिए पृथक गो मंत्रालय के गठन की मांग की.ज्ञापन में कहा गया कि गौ माता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं. इसलिए उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए केंद्र सरकार को प्रभावी एवं कठोर कदम उठाने चाहिए. साथ ही गोवंश के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए.इस अवसर पर गोसेवक संजय पुरोहित ने कहा कि संत-महंत, आचार्य, पुजारी और गोसेवक अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं. उन्होंने कहा कि जब तक गो-संरक्षण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते और अलग गो मंत्रालय का गठन नहीं किया जाता, तब तक उनका अभियान जारी रहेगा.ज्ञापन सौंपने के बाद संत-महंतों, गोसेवकों और श्रद्धालुओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में भजन-कीर्तन कर अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया. इस दौरान परिसर %जय गौ माता% के जयघोष और भक्ति भाव से गूंज उठा. उपस्थित लोगों ने सरकार से गो-संरक्षण के संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महंत, पुजारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गोसेवक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे.

भाजपा की समरसता संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित

संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

विदिशा. भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय में समरसता संकल्प अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने की.

जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि कार्यशाला में जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि संत रविदास ने समाज को एकता, समरसता और समानता का संदेश दिया. कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने समाज को धर्म और मानवीय मूल्यों से जोड़े रखा. उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं.मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि संत रविदास ने अनेक कष्ट सहने के बावजूद अपने सिद्धांतों और धर्म का त्याग नहीं किया. उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार सागर के निकट लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास मंदिर एवं शोध संग्रहालय का निर्माण करा रही है, जहां उनके जीवन और विचारों पर शोध किया जाएगा.

जिला महामंत्री अनिल सोनकर ने संत रविदास जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी, जबकि जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी ने संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश मैहर ने तथा आभार राजेश प्रभाकर ने व्यक्त किया. कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर विधायक मुकेश टंडन ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

विदिशा. भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर शेरपुर स्थित एसएसटी कॉलेज के सामने स्थापित उनकी प्रतिमा पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और युवाओं को प्रेरित करने के लिए समर्पित रहा. उनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देते हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा.कार्यक्रम में दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, पार्षद रामप्रसाद पासी, मंडल महामंत्री सुनील साहू, कार्यालय मंत्री सागर मीणा, मंत्री राजेंद्र सिंह अहिरवार, उपाध्यक्ष विवेक सेंगर, उपाध्यक्ष नीलेश शर्मा, नूतन महाराज, भारत सिंह दांगी, दीपक सक्सेना, रानू साहू, सुरेश किरार, नरेश यादव, अरविंद शर्मा, पवन पंजाबी, सोहिल खान, बबलू, आसिफ पटेल सहित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भी डॉ. कलाम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.कार्यक्रम की जानकारी दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान द्वारा दी गई.

पूर्व विधायक शशांक भार्गव को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत

नवभारत न्यूज

विदिशा. कृषक गोविंद गुर्जर आत्महत्या प्रकरण में पूर्व विधायक शशांक भार्गव को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है. सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए गिरफ्तारी से अंतरिम राहत प्रदान की. हालांकि, उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर यथावत रहेगी और मामले की पुलिस विवेचना पूर्व की तरह जारी रहेगी.

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सोमवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव पीतल मिल क्षेत्र स्थित अपनी फैक्ट्री पहुंचे, जहां समर्थकों, शुभचिंतकों और मिलने वालों का दिनभर तांता लगा रहा. समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी और न्यायालय के निर्णय पर खुशी जताई.गौरतलब है कि कृषक गोविंद गुर्जर आत्महत्या प्रकरण में दर्ज मामले में गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए शशांक भार्गव ने अग्रिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. सर्वोच्च न्यायालय से मिली राहत के बाद फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगी है.हालांकि, न्यायालय के आदेश के अनुसार मामले में दर्ज एफआईआर प्रभावी रहेगी और पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना जारी रहेगी. जांच के निष्कर्ष और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

विदिशा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि हैंडपंप, नल-जल योजना या अन्य जल स्रोतों में खराबी होने पर तत्काल सुधार कराया जाए. वर्षाकाल में जल स्रोतों की नियमित निगरानी कर शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों को पेयजल संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न हो.

5 घंटे के चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन में युवक की बची जान

नवभारत न्यूज

विदिशा, थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम सांगुल में जियो टावर पर नशे की हालत में चढ़े युवक शक्ति सिंह राजपूत को लगभग पांच घंटे तक चले चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से सकुशल नीचे उतार लिया गया. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों एवं ग्रामीणों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया.घटना 26 जुलाई की शाम करीब 6 बजे की है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पीए सिस्टम के माध्यम से युवक को लगातार समझाइश दी गई, लेकिन उसने नीचे आने से इनकार कर दिया. इसके बाद सुनियोजित रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया.रेस्क्यू के दौरान सोनू मेहर, चैन सिंह ठाकुर, अभिषेक जाट और चंद्रमोहन शर्मा सुरक्षा उपकरणों के साथ टावर पर चढ़े और पुलिस के निर्देशन में युवक को रस्सियों एवं स्ट्रेचर की सहायता से सुरक्षित नीचे उतारा. अभियान में प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंह, आरक्षक दिलीप सिंह, दीपक पाल और वीरेन्द्र दांगी सहित कई ग्रामीणों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.युवक को तत्काल शासकीय अस्पताल शमशाबाद पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य पाई गई.

निरीक्षण के बाद छात्रावास में भोजन व्यवस्था पर विवाद

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. ग्राम पंचायत स्वरूप नगर स्थित लाल पठार बालक छात्रावास में शिकायत मिलने के बाद एसडीएम अनुभा जैन ने छात्रावास का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है. इसके बाद छात्रावास की भोजन व्यवस्था को लेकर छात्रों और प्रबंधन के बीच अलग-अलग दावे सामने आए हैं.कुछ छात्रों का आरोप है कि निरीक्षण के बाद छात्रावास प्रबंधन ने उन्हें भोजन देना बंद कर दिया, जिससे छात्र आक्रोशित हैं. उनका कहना है कि व्यवस्था में सुधार होने के बजाय उन्हें भोजन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है.वहीं छात्रावास प्रबंधन ने इन आरोपों से इनकार किया है. प्रबंधन का कहना है कि छात्रों को नियमित रूप से भोजन कराया जा रहा है और व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार भी किए जा रहे हैं.

सीआईएसटी कॉलेज के बीबीए तृतीय वर्ष का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

तनु जैन ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

नवभारत न्यूज

विदिशा 27 जुलाई, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा घोषित बीबीए तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम में सीआईएसटी कॉलेज, विदिशा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है. शानदार परीक्षा परिणाम से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है.

घोषित परिणाम के अनुसार तनु जैन ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया. दीपा साहू ने 79.26 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, गरिमा यादव ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं सोनिया जैन ने 76 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ तथा सुदीप किरार ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया.महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, नियमित अध्ययन, अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है. कॉलेज विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, प्रबंधन कौशल एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्रत्येक वर्ष देखने को मिल रहे हैं.इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक आनंद शरण एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है.

आयोजन स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत पर मंथन, युवाओं से नौकरी के बजाय रोजगार सृजन की दिशा में बढ़ने का आह्वान

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान का जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

नवभारत न्यूज

विदिशा. स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान का जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग माधवगंज स्थित होटल राजावत में आयोजित किया गया. तीन सत्रों में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण वर्ग में स्वदेशी, स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते ने स्वदेशी क्यों आवश्यक है एवं युवाओं को स्वावलंबी बनने के अवसर विषय पर विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं और केवल सरकारी नौकरियों के भरोसे समस्या का समाधान संभव नहीं है. युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाना चाहिए, जिससे वे स्वयं भी रोजगार प्राप्त करेंगे और अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर सकेंगे.नेशनल कैप्सूल प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राकेश शर्मा ने युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नए उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा.व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने छोटे स्तर से व्यापार शुरू कर आज देशभर में अपनी पहचान बनाई है. उन्होंने कहा कि व्यक्ति की सोच छोटी या बड़ी हो सकती है, लेकिन कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता.उद्योगपति दुष्यंत कुमार जैन ने कहा कि बेरोजगारी से अधिक चुनौती कुशल कार्यबल की कमी है. उन्होंने कहा कि कई उद्योगों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रशिक्षित एवं दक्ष कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं. इसलिए सरकार को युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि वे उद्योग और व्यवसाय की ओर आगे बढ़ सकें.स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत ने स्वदेशी आंदोलन की आवश्यकता एवं युवाओं को स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशोर अग्रवाल ने की. इस अवसर पर संगठन के नवीन दायित्वों की घोषणा करते हुए भानु प्रताप सिंह दांगी को जिला संयोजक, तरुण शर्मा को जिला संपर्क प्रमुख, आशीष शर्मा को जिला व्यवस्था प्रमुख तथा राम साहू को नगर संयोजक का दायित्व सौंपा गया.प्रशिक्षण वर्ग में चरण सिंह रघुवंशी, सुखजीत सिंह, मनमोहन शर्मा, गजेंद्र पाल सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, विनोद किरार, प्रदीप जैन, अखिलेश राजपूत, अशोक कुशवाहा, देवेंद्र पवार, राजकुमार शर्मा, डॉ. प्रेम सिंह राजपूत, सुचिता सोनी, बबीता सिंह चौहान, रश्मि चंदेल, रितु राजपूत, मोना राजपूत, उषा श्रीवास्तव, मनीषा मिश्रा, रामसखी बंसल आदि उपस्थित रहे.